भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2543
उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2024

छतों पर संस्थापित मोबाइल टावर

2543 श्रीमती रूचि वीरा:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में किराए के मकानों की छतों पर कई मोबाइल टावर संस्थापित किए गए हैं, जिनके बारिश और तूफान के कारण गिरने की आशंका है तथा इनसे विकिरण फैलने का खतरा है;

(ख) यदि हां, तो चिन्हित किए गए टावरों की संख्या कितनी है और किन नियमों के तहत इन्हें मकानों की छतों पर संस्थापित किया गया है तथा इनका स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने छतों से मोबाइल टावरों को हटाने तथा मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (ग) उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में किराए के मकानों की छतों पर संस्थापित मोबाइल टावरों, जिनके बारिश और तूफान के कारण गिरने की आशंका है, के बारे में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है। इसके अतिरिक्त संरचनात्मक सुरक्षा से संबंधित मुद्दे राज्य/जिला प्रशासन के कार्यक्षेत्र में आते हैं और मोबाइल टावरों को लगाने की अनुमति दूरसंचार विभाग नहीं प्रदान करता है। मुरादाबाद जिले में किसी भी बीटीएस द्वारा दूरसंचार विभाग द्वारा निर्धारित ईएमएफ विकिरण मानदंडों का गैर-अनुपालन सूचित नहीं है।

*****